Bareilly, Tuesday,
9 December 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 4 : MIDDLE

# एसआरएमएस में होगा यूपी व पश्चिम बंगाल के बीच मुकाबला

## कूच बेहार ट्राफी अंडर-19 मैच में शाख बचाने के लिए भिड़ेंगी दोनो टीमें

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (8 Dec):** बीसीसीआइ के घरेलू क्रिकेट के अंतर्गत कूच बेहार ट्राफी अंडर-19 का मैच तीसरी बार बरेली में खेला जाएगा. श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी परिसर स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में 16 से 19 दिसंबर तक मैच होगा. यह मैच उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की टीमों के बीच होगा. बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने मुकाबले की तैयारियां पूरी कर लीं हैं. बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की ओर से सोमवार शाम चार बजे रेलवे स्टेशन के समीप होटल मनोर में प्रेस वार्ता हुई. बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना ने कहा कि बीसीसीआइ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल के निर्देश पर बरेली में लगातार तीसरे वर्ष कूच बेहार ट्राफी का मैच कराने का मौका मिला है. पिछले दिनों एसआरएमएस के सहयोग से पहली बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ. बीसीसीआइ और यूपीसीए के पदाधिकारियों ने श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम का अवलोकन किया था. कांफ्रेंस में बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली, अमित अवस्थी, राहुल कपूर, चंचल उपाध्याय, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे.




कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते एसआरएमएस के सचिव आदित्यमूर्ति.

### 16 दिसंबर सुबह आठ बजे से मैच आरंभ होगा

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक और एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि कूच बेहार ट्राफी का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर 16 नवंबर से 20 जनवरी तक हो रहा है. इससे पहले वर्ष 2022 में 12-15 नवंबर को उत्तर प्रदेश और नागालैंड के बीच और वर्ष 2024 में छह से नौ नवंबर को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की टीमों के बीच मुकाबला हुआ था. चार दिन के मैच में 90-90 ओवर की दो इनिंग खेली जाएंगी. दोनों प्रदेशों की टीमों के खिलाड़ी 13 से 15 दिसंबर तक अभ्यास सत्र में शामिल होंगे. वहीं 16 दिसंबर सुबह आठ बजे से मैच आरंभ होगा. कोच मनीष सिंह ने बताया कि अभी तक दोनों टीमें एक-एक मैच हार चुकी हैं.